# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

**19 जुलाई 2020**

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत चार दिवसीय वेबिनार की शुरुआत, आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार

# गांधी की ग्राम स्वराज की अवधारणा से बनेंगे स्मार्ट गांव

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत रीजनल कोऑर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट, आईआईटी रुड़की एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान गुवाहाटी द्वारा संयुक्त रूप से प्रिपरेशन ऑफ मॉडल विलेजस्मार्ट विलेज प्लान यानी 'आदर्श ग्राम स्मार्ट विलेज योजना की तैयारी' विषय पर चार दिवसीय वेबिनार की शुरुआत हुई। चार दिवसीय वेबिनार के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान गुवाहाटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को आदर्श ग्राम की प्लानिंग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। वेबिनार के आयोजक क्षेत्रीय समन्वय संस्थान-आईआईटी रुड़की के रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. आशीष पांडे ने वेबिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के अनुरूप गांवों का समग्र विकास करके उन्हें न सिर्फ आदर्श व स्मार्ट गांव बनाया जा सकता है, बल्कि इससे आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को यथार्थ में परिवर्तित किया जा सकता है। वेबिनार की शुरुआत करते हुए आई आई टी रुड़की के उप निदेशक प्रो. एम परिदा ने बताया कि उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा आईआईटी रुड़की के अंतर्गत दो गांवों बेलड़ी व छारबा के विकास हेतु स्थानिक प्लानिंग तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए आईआईटी रुड़की के आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग विभाग से प्रो. उत्तम कुमार एवं प्रो. शुभजीत के नेतृत्व में कार्ययोजना तैयार किये जाने का निर्णय लिया गया है।उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों की टीम द्वारा कार्ययोजना को क्रियान्वित किये जाने की दिशा में काम शुरू किया जाएगा। वेबिनार के उद्घाटन सत्र को आईएएस अधिकारी जॉइंट मजिस्ट्रेट रुड़की नमामि बंसल ने भी संबोधित किया।



वेबिनार मे अपने विचार रखते वक्ता।